फैक्टरी में टैंक की सफाई के दौरान जहरीली गैस के रिसाव से दो मजदूरों की मौत

भीलवाड़ा जिले के हमीरगढ़ थाना क्षेत्र स्थित आरएसडब्ल्यूएम फैक्टरी में हादसा हुआ

भीलवाड़ा, (निसं)। हमीरगढ़ थाना क्षेत्र स्थित आरएसडब्ल्यूएम फैक्टरी में काले पानी के टैंक की सफाई के दौरान जहरीली गैस के रिसाव से दो मजदूरों की मौत हो गई। घटना के बाद फैक्टरी परिसर में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि एक मजदूर को बचाने के प्रयास में दूसरा मजदूर भी टैंक में उतरा और दोनों गैस की चपेट में आ गए।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, फैक्टरी में काले पानी के टैंक की सफाई का कार्य किया जा रहा था। इस दौरान एक मजदूर सफाई के लिए टैंक के अंदर गया। काफी देर तक उसके बाहर नहीं आने पर बाहर मौजूद दूसरे मजदूर ने उसकी तलाश में टैंक में प्रवेश किया। टैंक के भीतर मौजूद जहरीली गैस के प्रभाव से दोनों बेहोश हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों को बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों के शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए हैं।




मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों मजदूरों को बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

- बताया जा रहा है कि एक मजदूर को बचाने के प्रयास में दूसरा मजदूर भी टैंक में उतरा और दोनों गैस की चपेट में आ गए
- प्रारंभिक तौर पर दोनों मजदूरों के जयपुर क्षेत्र के निवासी होने की जानकारी सामने आई है, परिजनों को सूचित किया

प्रारंभिक तौर पर दोनों मजदूरों के जयपुर क्षेत्र के निवासी होने की जानकारी सामने आई है। परिजनों को सूचित कर दिया गया है और पुलिस की ओर से अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि इस हादसे के बाद औद्योगिक इकाइयों में श्रमिकों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। बंद टैंकों की सफाई के दौरान गैस, वेंटिलेशन और सुरक्षा उपकरणों के उपयोग को लेकर प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर जांच के दायरे में आने की संभावना है। पुलिस और संबंधित विभाग द्वारा मामले की जांच कर घटना के कारणों और जिम्मेदारियों का पता लगाया जाएगा।

यूपी पुलिस के जवान ने पड़ोसी की गोली मारकर हत्या की

धौलपुर/भरतपुर, (निसं)। शहर के सदर थाना क्षेत्र स्थित अर्जुन नगर कॉलोनी में मंगलवार सुबह प्रेम प्रसंग से जुड़े विवाद ने खूनी रूप ले लिया। उत्तर प्रदेश पुलिस की पीएसी में तैनात एक जवान ने अपने पड़ोसी बहादुर कश्यप की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी ने मृतक की गर्दन और छाती पर दो गोलियां दागीं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी जवान रोहित और मृतक की पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।



हत्या की वारदात के बाद पुलिस टीम व उच्चाधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाये।

- पुलिस ने आरोपी जवान रोहित और मृतक की पत्नी को हिरासत में लिया

जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब सात बजे अर्जुन नगर में उस समय हड़कंप मच गया, जब अचानक गोली चलने की आवाज सुनाई दी। बताया जा रहा है कि आरोपी रोहित मृतक बहादुर के घर पहुंचा था। वहां किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इसी दौरान आरोपी ने कथित तौर पर देसी कट्टे से बहादुर पर दो फायर कर दिए। गोली लगने से वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा और मौके पर ही दम तोड़ दिया।

प्रारंभिक पुलिस जांच में हत्या के पीछे मृतक की पत्नी और आरोपी जवान के बीच कथित प्रेम प्रसंग की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच नजदीकियों को लेकर मृतक और आरोपी के बीच पहले भी विवाद हुआ था। एक अन्य जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह पत्नी को साथ ले जाने की बात को लेकर भी कहासुनी हुई थी। हालांकि, हत्या के वास्तविक कारणों और घटनाक्रम की पुलिस विस्तृत जांच कर रही है। इस सनसनीखेज वारदात ने एक परिवार को उजाड़ दिया। मृतक बहादुर कश्यप के तीन बेटे हैं। पिता की अचानक हुई हत्या से तीनों बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही सीओ सिटी प्रदीप नेहरा और सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया।

पुलिस ने आरोपी रोहित और मृतक की पत्नी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। सीओ प्रदीप नेहरा के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग से जुड़े विवाद का प्रतीत हो रहा है। पुलिस हत्या के कारणों, घटनाक्रम और किसी अन्य व्यक्ति की संभावित भूमिका सहित सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

कोटा : ज्वेलरी की दुकान में हुई चोरी की वारदात का खुलासा

कोटा, (निसं)। जवाहर नगर इलाके में ज्वेलरी की दुकान मे हुई चोरी के दर्ज मामले में जवाहर नगर पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। साथ ही मामले में एक नाबालिग को विधि से संघर्षरत निरूद्ध किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 23 नवम्बर को फरियादी मुकुट बिहारी सोनी ने जवाहर नगर थाने में रिपोर्ट दी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि दोपहर 3.45 बजे में अपनी दुकान महावीर ज्वेलर्स पर दुकानदारी कर रहा था, तभी एक व्यक्ति दुकान पर आया उसने अंगूठी दिखाने को कहा और देखकर वापस कर दी। उसके बाद सोने की चैन दिखाने के लिए बोला तो उसको एक-एक करके 5 सोने की चैन दिखाई तो वह व्यक्ति मोबाईल से किसी को वीडियो काल करके चैनों को दिखा रहा था। फरियादी ने रिपोर्ट मे कहा कि उसका ध्यान कहीं ओर गया तो वह व्यक्ति नजर चुरा कर 5 सोने की चैन उठा कर ले भागा जिसे पकड़ने की कोशिश की तो वह व्यक्ति आगे बाइक लेकर खड़े अपने अन्य साथी के साथ मौके से फरार हो गया। चोरी हुई सोने की चैनों की कीमत लगभग 6 से 7 लाख रूपये है एवं सभी चैनों पर 20 कैरेट 83.33 का होलमार्क लगा हुआ है।

- पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर एक नाबालिग को विधि से संघर्षरत निरूद्ध किया है

शहर एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया, मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उप अधीक्षक मनीष शर्मा के सुपरविजन मे जवाहर नगर थानाधिकारी मुकेश मीणा के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा घटना स्थल के आसपास लगे सैकडो सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया एवं कई संदिग्ध व आदतन अपराधियों पर निगरानी रखते हुये चोरी व नकबजनी के पुराने चालानशुदा अपराधियों से पूछताछ की गई। पुलिस ने ज्वेलरी की दुकान में चोरी की वारदात का खुलासा करते हुये आरोपी बालिता रोड कुन्हाडी निवासी दिलीप पंकज चोटी (25) को गिरफ्तार किया गया एवं मामले में एक नाबालिग को निरूद्ध किया गया है।

जोधपुर में अलग-अलग जगह से तीन वाहन चोरी

जोधपुर, (कासं)। शहर में अलग-अलग स्थानों से तीन गाड़ियां चोरी हो गई। घर के बाहर से अज्ञात चोर बोलेरो चोरी कर ले गए, वहीं दो जगहों से बाइक पार हो गई। सूरसागर पुलिस के अनुसार गढा रतनपुर शेरगढ़ हाल अंबेडकर नगर कालीबेरी निवासी भीमाराम ने रिपोर्ट दी कि उसकी एक बोलेरो घर के बाहर खड़ी की थी, जोकि रात के समय में अज्ञात चोर चुरा ले गए। गाड़ी 19 नवंबर को चोरी हुई थी। दूसरी तरफ प्रतापनगर पुलिस ने बताया कि हड्डी मिल बासनी हाल कबीर नगर की जीनत पत्नी अनवर खां ने रिपोर्ट दी कि उसकी बाइक आखलिया चौराहा के पास एक पेट्रोल पंप के सामने से चोरी हो गई। इधर शास्त्रीनगर पुलिस के अनुसार रमजान का हत्था एकता नगर बनाड़ निवासी रिजवान की बाइक चोरी हो गई।

पंजाब से फरार तीन इनामी आरोपियों को कोटा ग्रामीण पुलिस ने डिटेन किया

कोटा, (निसं)। ग्रामीण इलाके की मंडाना पुलिस टीम ने सूचना पर कार्रवाई करते हुए 20 हजार के फरार इनामी तीन आरोपियों को डिटेन किया है।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि नारकोटिक्स कट्रोल ब्यूरो चंडीगढ़ जोनल यूनिट द्वारा सूचना मिली कि उनके यहां के तीन वांछित 20 हजार रूपये के इनामी आरोपी जो कोकिन व चरस के बड़े सप्लायर हैं, लम्बे समय से फरार चल रहे हैं। तीनों आरोपी कार से रवाना होकर उज्जैन से 8 लाईन होते हुए दिल्ली की तरफ जाने की फिराक में है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि सूचना पर पुलिस उप अधीक्षक नेतृत्व में टीम का गठन किया गया।



कोटा में मंडाना पुलिस टीम ने बीस हजार के फरार इनामी तीन आरोपियों को डिटेन किया।

- पुलिस को नारकोटिक्स कट्रोल ब्यूरो चंडीगढ़ जोनल यूनिट द्वारा सूचना मिली थी कि उनके तीन वांछित आरोपी कार से दिल्ली की तरफ जाने की फिराक में है

गठित टीम ने दिल्ली-मुम्बई हाइवे पर निगरानी एंव नाकाबंदी शुरू की। नाकाबंदी में 8 लेन पर से आने-जाने वाले वाहनों को चेक किया गया एवं वाहन की टोल गेट जहाँ-जहाँ से निकली थी डिटेल प्राप्त की गई। ग्रामीण एसपी ने बताया कि वाहनों की चेकिंग के दौरान एक कार तेज गति से आती हुई दिखाई दी, जिसे रोकने की कोशिश करने पर कार चालक ने नाकाबंदी तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन समय पर आगे बेरिकेटस व अन्य वाहन रोककर टर्नल के अन्दर ही घेराबंदी कर कार को रूकवाया।

ग्रामीण एसपी ने बताया कि टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए जिला मोहाली पंजाब थाना खरड़ के लांडरा रोड निवासी तेजपाल सिंह उर्फ लक्की लाहोरिया, कोटली रोड सुभाष नगर मुक्तसर पंजाब निवासी अंकुश कुमार मीढा उर्फ बिल्ला, लांडरा रोड थाना खरड जिला मोहाली पंजाब निवासी चरणजीत सिंह उर्फ नव लाहोरिया को डिटेन किया।

तीनों आरोपियों पर 20 हजार का ईनाम घोषित किया गया, जिनके खिलाफ नारकोटिक्स कट्रोल ब्यूरो चंड़ीगढ़ में दो प्रकरण दर्ज है। ग्रामीण एसपी ने बताया कि आरोपियो को डिटेन करने के बाद नारकोटिक्स कट्रोल ब्यूरो चंड़ीगढ़ जोनल यूनिट को अवगत करवाया गया, जिन्होंने इन तीनों के वांछित अपराधी होने की पुष्टि की।

पाटन के ग्राम स्यालोदड़ा में बदहाल रास्तों से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ी

पाटन, (निसं)। ग्राम पंचायत स्यालोदड़ा में बदहाल रास्तों की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। गांव के विभिन्न रास्तों पर जगह-जगह बिखरे पत्थर, जमा मलबा और उगी झाड़ियां ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं। रास्तों की बदहाल स्थिति को लेकर ग्राम पंचायत की व्यवस्थाओं और जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों के रोजमर्रा के आवागमन से जुड़े इन रास्तों पर हालात ऐसे हैं कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। दोपहिया वाहन चालकों को भी दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को उठानी पड़ रही है। वहीं, किसी आपात स्थिति में मरीज को अस्पताल पहुंचाना भी चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है।

- पत्थर, मलबे और झाड़ियों से अटे पड़े रास्ते, स्कूली बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को परेशानी हो रही है
- ग्रामीणों के रोजमर्रा के आवागमन से जुड़े इन रास्तों पर हालात ऐसे हैं कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है

जानकारी के अनुसार स्थानीय स्तर पर सामने आए वीडियो और तस्वीरें गांव के रास्तों की बदहाल स्थिति की हकीकत बयां कर रहे हैं। इसके बावजूद रास्तों से मलबा हटाने, झाड़ियों की सफाई करवाने और आवागमन सुचारू बनाने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई की दरकार है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते इन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो किसी दिन गंभीर हादसा हो सकता है।

हाल ही में पंचायत राज चुनाव संपन्न हुए हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में नई पंचायतों के गठन के साथ विकास की उम्मीदें भी बढ़ी हैं। हालांकि नवनिर्वाचित सरपंचों के सामने फिलहाल विकास कार्यों के लिए बजट की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन और ग्राम पंचायत के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि गांव के सभी क्षतिग्रस्त एवं अवरुद्ध रास्तों का प्राथमिकता से निरीक्षण करवाया जाए। रास्तों से पत्थर और मलबा हटवाने के साथ झाड़ियों की सफाई करवाकर आवागमन सुचारू बनाया जाए।

अनियंत्रित ट्रक पलटा

भीलवाड़ा, (निसं)। प्रतापनगर थाना क्षेत्र में 100 फीट रोड स्थित राजस्थान टेंट हाउस के पास मोड़ पर खाखले से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक के डिवाइडर और सड़क किनारे पलटने से खाखला सड़क व आसपास के क्षेत्र में बिखर गया। गनीमत रही कि हादसे के दौरान किसी वाहन चालक या राहगीर को गंभीर चोट नहीं आई।

स्थानीय लोगों ने स्थिति को संभालने में सहयोग किया। वहीं, जेसीबी की मदद से सड़क पर बिखरे खाखले को समेटने और यातायात व्यवस्था सुचारू करने की कार्रवाई की गई। मौके पर पहुंचे अन्य ट्रक के जरिए माल को शिफ्ट करने की व्यवस्था भी की गई। हादसे के चलते कुछ समय तक आवागमन में सावधानी बरतनी पड़ी। जेसीबी से माल हटाने और मार्ग की सफाई कर स्थिति सामान्य करने का कार्य जारी रहा।

बुजुर्ग और युवक से ठगी

सीकर, (निसं)। सीकर में 61 साल के बुजुर्ग और 36 साल के युवक से साइबर फ्रॉड का मामला सामने आया है। बुजुर्ग के अकाउंट से 2.50 लाख और युवक के अकाउंट से 1 लाख रुपए निकले, जो अलग-अलग बैंक अकाउंट में ट्रांसफर हुए। अब पुलिस दोनों मामलों में जांच कर रही है।

बुजुर्ग नारुराम ने साइबर पुलिस थाने में शिकायत देकर बताया कि 21 नवंबर को उनके बैंक अकाउंट से 2.50 लाख रुपए निकल गए। कोई भी ओटीपी या कॉल उनके पास नहीं आया। मैसेज आने पर उन्हें अकाउंट से पैसे निकलने का पता चला। अकाउंट से जो रुपए निकले, वह अलग-अलग खातों में ट्रांसफर हुए। वहीं, 36 साल के युवक इंद्रकुमार ने पुलिस में शिकायत देकर बताया कि उनके बैंक अकाउंट से 1 लाख रुपए 22 नवंबर के दिन निकल गए।

अन्तर्राष्ट्रीय पुष्कर मेले का भव्य समापन, विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए

अजमेर, (कासं)। अन्तर्राष्ट्रीय श्री पुष्कर मेला-2026 का समापन मंगलवार को भव्यता के साथ हुआ। समापन समारोह में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी एवं जल संसाधन मंत्री सुरेशसिंह रावत ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। पुलिस महानिरीक्षक डॉ. रवि एवं जिला कलैक्टर लोक बन्धु ने भी विजेताओं का उत्साहवर्धन किया।

- पुष्कर मेला आत्मा, मन एवं शरीर को पवित्र करने का स्थल है : वासुदेव देवनानी



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी एवं जल संसाधन मंत्री सुरेशसिंह रावत आदि ने विजेताओं को पुरस्कार दिये।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि पुष्कर मेला आत्मा, मन एवं शरीर को पवित्र करने का स्थल है। यह मेला सांस्कृतिक विरासत है। परम्पराओं और संस्कारों को इस मेले ने संजोए रखा है। यह मेला सामाजिक समरसता एवं आध्यात्मिकता का प्रतीक है। पुष्कर सरोवर सहित समस्त तीर्थ क्षेत्र की महिमा अपरम्पार है, विदेशी मन की शान्ति के लिए यहा आते हैं। उन्होंने कहा कि ब्रह्म कॉरीडोर की परियोजना का काम आरम्भ हो गया है। इससे पुष्कर नए रूप में दिखाई देगा। पुष्कर के विकास में राजस्थान एवं भारत का विकास निहित है। पुष्कर सनातन संस्कृति की श्रेष्ठता का प्रतीक है।

केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक पहचान है। भारत विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति है। सनातन काल से भरने वाला पुष्कर मेला इसका प्रमाण है। उन्होंने कहा कि पुष्कर के इस धार्मिक, आध्यात्मिक एवं पर्यटक महोत्सव के दौरान सुंदर आयोजन किए गए। इन आयोजनों में कई प्रतियोगिताएं भी हुई। इन प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को निरन्तर आगे बढ़ने के प्रेरणा लेनी चाहिए। साथ ही उप विजेताओं को अगली प्रतियोगिता में विजेता बनने के लिए अभी से तैयारी आरम्भ कर देनी चाहिए। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि तीर्थराज पुष्कर का पूरे विश्व में विशिष्ट महत्व है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशन में सरकार पुष्कर के विकास के लिए पूरी गंभीरता के साथ काम कर रही है। पुष्कर विकास की बड़ी रूपरेखा तैयार कर कार्य किया जाएगा। उन्होंने मेले के सफल आयोजन पर सभी को बधाई दी।

मेला समापन की घोषणा मेला मजिस्ट्रेट गुरू प्रसाद तंवर ने की। समारोह में 150 से अधिक छात्राओं ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। ऊंट परेड एवं कला जत्था यात्रा का आयोजन भी किया गया। कला जत्था यात्रा में बीकानेर के रोबिले अनिल बोडा, जयपुर के प्रभु लाल मीणा का आदिवासी नृत्य, श्रवण कुमार संखवास नागौर का मशक वादन, राजेश भट अजमेर का कच्छी घोड़ी, राम प्रसाद टोंक निवाई का राजस्थानी नृत्य, राजेश नाथ कालबेलिया पुष्कर एवं नरेंद्र सोलंकी पुष्कर का शंख वादन आकर्षण का केन्द्र रहा। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. नवीन परिहार ने अपने प्रतिवेदन में कहा कि यह मेला पूर्ण रूप से शुरू से ही नवाचारों से भरा रहा है।

नए मेला मैदान एवं पशु प्रदर्शनी स्थल में आयोजित विभिन्न पशु प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ मेला पशु एवं सर्वश्रेष्ठ गिर नस्ल पशु के विजेता पशुपालक मानमल सुगनचंद जोशी अजमेर को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ दुधारू पशु के विजेता मानमल सुगनचंद जोशी अजमेर को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अगरवाल, अतिरिक्त जिला कलैक्टर डॉ. अभिषेक गोयल एवं प्रवीण कुमार, पुष्कर नगर परिषद सभापति राजेन्द्र बाकोलिया, उप सभापति लक्ष्मी पाराशर, प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता गेना सहित गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

सोलर प्लांट में लूट करने के तीन आरोपियों से पूछताछ में कई खुलासे हुए

जोधपुर, (कासं)। करवड़ थाना क्षेत्र में एक सोलर प्लांट में लूट करने के गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में कई खुलासे हुए है। चोरी या लूट के बाद माल को अलग-अलग जगहों पर कबाड़ी को बेच देते थे।

थानाधिकारी परमेश्वरी ने बताया कि खारी खुर्द स्थित सोलर प्लांट में रात के समय फाटक तोड़कर घुसने, सुरक्षा गार्डों के साथ मारपीट करने और सामान लूटने के मामले में जांच चल रही है। इस मामले में अब तक सात आरोपियों को पकड़ा जा चुका है, जिनमें से तीन आरोपी पुलिस रिमांड पर है, जबकि अन्य को जेल भिजवाया गया है। इनमें से मुख्य आरोपी राजूसिंह है, जिसने अन्य आरोपियों को लालच देकर अपने साथ वारदात में शामिल करवाया था। इस मामले में जयसिंह और जितेंद्र सिंह ने सोलर प्लांट की रेकी की थी, जिस पर उन्हें भी पकड़ा गया। इधर पुलिस की अब तक की पड़ताल में सामने आया कि मुख्य आरोपी राजूसिंह का पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। पुलिस के अनुसार 13- 14 जून को तड़के करीब 2 से 4 बजे के बीच रात्रि करीब 3 बजे खारी गांव की देवतों की ढाणी स्थित जैक्सन ग्रीन सोलर प्लांट के मुख्य गेट पर सुरक्षा गार्ड अचलाराम ड्यूटी पर तैनात थे। दो बिना नंबर प्लेट की सफेद महिंद्रा पिकअप गाड़ियों में कपड़ों से चेहरा ढांपे करीब 10 से 12 लोग पहुंचे और सीधे फाटक में टक्कर मारकर अंदर घुस आए। आरोपियों ने केबिन में बैठे अचलाराम का फोन फेंक दिया और सरिये व लाठियों से मारपीट की। उन्हें घसीटकर पिकअप में डाला गया और तांबे के बारे में पूछताछ की गई। इसके बाद बदमाश स्टोर की तरफ ले गए, जहां तैनात दूसरे सुरक्षा गार्ड बाबूसिंह निवासी भवाद के साथ भी मारपीट की गई और उनका फोन तोड़ दिया गया। बदमाशों ने धमकी दी कि यदि किसी को फोन किया तो जान से मार देंगे। इसके बाद वे स्टोर से सामान पिकअप में लादकर फरार हो गए।

पुलिस ने इस मामले में सबसे पहले भुरजगढ़ फलसूंड जिला जैसलमेर निवासी महावीर सिंह उर्फ एमडी को गिरफ्तार किया था। इसके बाद पुलिस ने 21 नवंबर को राजू सिंह पुत्र गोपाल सिंह, विक्रम सिंह और रावल सिंह उर्फ राहुल को गिरफ्तार किया। इसके बाद 23 नवंबर को जयसिंह, जितेंद्र सिंह और तिबानिया पुलिस थाना मंडली, जिला बालोतरा निवासी राधेश्याम पुत्र द्वारकादास वैष्णव को गिरफ्तार किया।

खाते से राशि पार

जोधपुर, (कासं)। शहर के देवनगर स्थित कांति नगर निजी अस्पताल के पीछे रहने वाले युवक के बैंक एकाउंट से शातिर ने 75 हजार रूपए निकाल लिए। पीड़ित ने साइबर पोर्टल पर शिकायत दी। देवनगर पुलिस ने जीरो नंबर एफआईआर पर धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि धनवंतरी अस्पताल के पीछे कांति नगर निवासी राजेंद्र बोथरा पुत्र चिंतामणदास की तरफ से रिपोर्ट दी गई।

भरतपुर विकास प्राधिकरण, भरतपुर

क्रमांकः-लेखा/भ.वि.प्रा/2026-27/ दिनांकः- यथाहस्ताक्षिरत

ऑनलाईन निविदा सूचना सं. 59/2026-27

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से एजेंसियों / संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया से कुल 01 कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्यों का विस्तृत विवरण, निविदा शर्तें, अनुमानित लागत राशि, निविदा बेचने, प्राप्त करने एवं खोलने की दिनांक आदि सम्पूर्ण विवरण वेवसाईट https://bhda.rajasthan.gov.in/home/dptHome, http://eproc.rajasthan.gov.in एव http://sppp.raj.nic.in portal पर देखा जा सकता है। निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का संशोधन http://sppp.raj.nic.in portal, http://eproc.rajasthan.gov.in का अवलोकन करें।

UBN No. 01. WAQ2627SLRC00138

सचिव

भरतपुर विकास प्राधिकरण, भरतपुर